दिनांक 15.09.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

# आयुक्त ने सड़क पर लगे पोल से अवैध बैनर/पोस्टर हटाने के दिए निर्देश

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक–1 अंतर्गत पाइप लाईन, पार्किंग स्थल, निर्माणाधीन नाला सहित गौठान का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। निगम आयुक्त ने फरीद नगर निजामी चौंक का निरीक्षण कर विभाजित डिस्ट्रीब्यूशन पाईप लाईन को सही कराने निर्देशित किए हैं, जिसका कार्य प्रगति पर है। समीपस्थ कबाड़ का सामान सड़क पर रखने वालो पर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। उक्त कृत्य से मार्ग बाधित होती है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। फरीद नगर एवं लक्ष्मी नगर में पर्याप्त पेयजल व्यवस्था हेतु नया पाइप लाईन बिछाया गया है, जिसका निरीक्षण आयुक्त द्वारा किया गया। जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों एवं प्राइवेट एजेंसियों द्वारा सुपेला घड़ी चौंक से गदा चौंक तक डिवाइडरो में लगे पोल में राजनितिक, सामाजिक, धार्मिक बैनर/पोस्टर लगाया गया है, जिसके कारण सड़क दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इस हेतु आयुक्त ने सभी बैनर/पोस्टर को हटाने निर्देशित किए हैं। नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से सभी जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों एवं प्राइवेट एजेंसियों से अपील है कि शहर के स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण हेतु इस तरह के होर्डिंग, बैनर एवं पोस्टर का उपयोग बिलकुल न करें। इस तरह के प्रचार–प्रसार हेतु उपयोग किए जाने वाले सामग्रीयों से शहर की खुबसुरती में कमी आती है। महापौर परिषद के बैठक में निर्णय लिया गया है, कि जन्मदिन या कोई भी विशेष समारोह में होर्डिंग, बैनर एवं पोस्टर का उपयोग नहीं करेगें। निगम आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान इस कार्यवाही को अभियान के रूप में चलाने निर्देशित किया गया है। इस तरह के कार्यों में संलग्न एजेंसियों के खिलाफ नगर निगम की ओर से कारवाई की जाएगी । लक्ष्मी नगर में रोड किनारे पार्किंग स्थल का निर्माण किया जा रहा है। निर्माणाधीन पार्किग स्थल का निगम आयुक्त द्वारा निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने निर्देशित किया गया है। नेशनल हाईवे से लगा हुआ चंद्रा मोर्या टाकिज चौंक से संजय नगर तालाब तक निर्माणाधीन नाला का निरीक्षण किया गया है। कार्य की समयावधि एवं गुणवत्ता में विशेष ध्यान देने हेतु उप अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा को निर्देशित किए हैं। आयुक्त ने कोसा नगर स्थित गौठान में पशुओ के खाने–पीने एवं चिकित्सा व्यवस्था का अवलोकन किए। गौठान के समतलीकरण करने हेतु जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत को निर्देशित किए है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, उप अभियंता बसंत देवांगन, चंदन निर्मल, सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी उपस्थित रहे।

